## खबर संक्षेप



### भाजपा जिला बैठक में तय हुई रणनीति

**करनाल।** भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में आज जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम और आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में जिला महामंत्री संजय गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी अजय चौहान, जिला उपाध्यक्ष मोनू अरोड़ा, जिला संयोजक बलजीत सिंगला, जिला मंत्री देवेंद्र शर्मा, सभी मंडल अध्यक्ष और ग्रीवेंस कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

### कर्म ही मनुष्य को ऊंच व नीच बनाताः संत

कुरुक्षेत्र। श्रीगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में डेरा स्वामी जगतगिरि आश्रम पठानकोट के गद्दीनशीन स्वामी गुरदीप गिरी महाराज जी की उपस्थिति में एक भव्य सत्संग आयोजित किया गया। आयोजक समिति ने स्वामी जी का पुष्प गुच्छ और मालाओं से स्वागत किया। स्वामी गुरदीप गिरी ने शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज की अमृतवाणी /"खट कर्म कुल संजुगत है हरि भगति हिरदै नाहि। चरनारबिंद न कथा भावे सुपच तुल समानि।।

## प्रवर्तन दल ने शहर की आठ वाणिज्यिक संपत्तियों पर की छापेमारी

# नगर निगम ने सील की तीन संपत्तियां चार लाख 69 हजार जुर्माना वसूला

- 27 लाख 72 हजार रुपये का कर बकाया था इन पर
- संपत्ति मालिकों को तीन-तीन नोटिस भेजे जा चुके थे

पुलिस अधीक्षक श्रीकांत जाधव, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, सभी एसडीएम, तहसीलदार और बीडीओ को आदेशों की सख्त पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम करनाल ने संपत्ति कर बकायेदारों के खिलाफ गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। निगम के प्रवर्तन दल ने शहर की आठ वाणिज्यिक संपत्तियों पर दबिश दी, जिन पर करीब 27 लाख 72 हजार रुपये का कर बकाया था। निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देशन में चली इस कार्रवाई के दौरान तीन संपत्तियों को सील कर अटैच किया गया, जबकि तीन संपत्ति मालिकों ने मौके पर ही 4 लाख 69 हजार रुपये का टैक्स अदा कर दिया।नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि निगम ने पहले ही इन सभी संपत्ति मालिकों को तीन-तीन नोटिस भेजे थे, लेकिन उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया। इसके बाद व्यक्तिगत रूप से अटैचमेंट नोटिस जारी किए गए। गुरुवार को प्रवर्तन टीम ने जब अटैचमेंट कार्रवाई शुरू की तो तीन संपत्तियों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 130 के तहत कुर्क कर सील कर दिया गया। सील की गई संपत्तियों में दयानंद कॉलोनी स्थित एलीगेंट डिज़ाइन (बकाया 1,31,000), सेक्टर-3 एच.एस.आई.आई.डी.सी. स्थित 254 नंबर इंडस्ट्री (बकाया 1,77,000) और 110 नंबर इंडस्ट्री (बकाया 2,44,000) शामिल हैं।



**करनाल।** कार्रवाई करती प्रवर्तन दल की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### करनाल में पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

करनाल। जिलाधीश उत्तम सिंह ने जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण के खतरे को देखते हुए तत्काल प्रभाव से सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन सहित) और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163, विस्फोटक अधिनियम 1884 और अन्य संबंधित नियमों के तहत जारी किए गए हैं। जिलाधीश ने बताया कि सर्दियों में वायु में पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन रोगियों को गंभीर स्वास्थ्य जोखिम होता है।

### इन पर होगी कार्रवाई

डॉ. शर्मा ने बताया कि अब तक वित्त वर्ष 2025-26 में 18 करोड़ 7 लाख रुपये संपत्ति कर के रूप में जमा हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि "यदि अटैच की गई संपत्तियों के मालिक समय पर टैक्स नहीं भरते हैं, तो निगम इन संपत्तियों को नीलाम करेगा। साथ ही, कुर्क की गई संपत्तियों में छेड़छाड़ करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी।" निगम आयुक्त ने कहा कि 18 नई कुर्की आदेश जल्द जारी किए जाएंगे, ताकि बकायादारों से टैक्स की वसूली समय पर हो सके।

### कुर्की से पहले तीन बकायदारों ने जमा किया टैक्स

निगमायुक्त ने बताया कि एलीगेंट डिज़ाइन के मालिक ने सीलिंग के बाद ही बकाया टैक्स जमा कर दिया। इसके अलावा। 5527सिटी स्थित आई.एन.आर. प्रॉपर्टीज के मालिक ने 2,31,000, सेक्टर-3 एच.एस.आई.आई.डी.सी. की पारस फीड इंडस्ट्री ने 1,04,000 और न्यू बहादुर चंद कॉलोनी के मकान नंबर 788 के मालिक ने 1,34,000 मौके पर ही जमा कर दिया। तीन अन्य संपत्ति मालिकों ने कुर्की की कार्रवाई से पहले 2,30,000 का भुगतान कर कार्रवाई से राहत पाईकार्रवाई के दौरान उप-निगमायुक्त अभय सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था, जबकि क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह और सुनील कुमार, सहायक जितेन्द्र मलिक, लिपिक हर्ष कुमार, गौरव राणा, प्रदीप कुमार, अंकित बंसल और शैलेन्द्र पांडे के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।

## करवाचौथ के रंग में रंगा करनाल

# सजना के लिए सजीं सुहागिनें मेहंदी से महका पूरा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करवाचौथ के पावन व्रत से एक दिन पहले करनाल शहर पूरी तरह सुहागिनों की रौनक से सराबोर रहा। बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही। महिलाओं ने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए रखे जाने वाले इस व्रत की तैयारियों में पूरा दिन व्यतीत किया। सुबह से ही शहर की कर्णगेट, कुशक रोड, शिव कॉलोनी, सेक्टर-12 व ओल्ड सब्जी मंडी मार्केट में भारी भीड़ देखी गई।

मेहंदी लगाने के लिए महिलाओं की लंबी कतारें बाजारों में नजर आईं। सेवा भारती द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं ने विभिन्न स्थानों पर मेंहदी लगाने के स्टॉल लगाए, जहां देर रात तक महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करती रहीं। दुकानों पर मेंहदी शिल्पियों की कलात्मक डिज़ाइन ने माहौल को और उत्सवमय बना दिया।

करवाचौथ के पूजन के लिए आवश्यक करवा, कुश, सूप, थाली, छलनी और दीपक की खरीदारी भी जोरों पर रही। कपड़ों और ज्वेलरी की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ के चलते शाम तक दुकानदारों को राहत की सांस नहीं मिली। मार्केट में इस बार सिंपल करवा के साथ डिज़ाइनर करवा और सजे हुए कुश दुपट्टे खूब बिके।

### चंद्रमा का उदय रात 8:20 मिनट पर होगा

ज्योतिषाचार्य ए.सी. शर्मा के अनुसार इस वर्ष करवाचौथ पर चंद्रमा का उदय रात 8 बजकर 20 मिनट पर होगा। उन्होंने बताया कि इस बार रविवार के दिन करवाचौथ पड़ने से सूर्य की विशेष कृपा सुहागिनों पर रहेगी। यह वही पर्व है जब महिलाएं अपने पति के लिए उपवास रखती हैं, मेंहदी रचाती हैं और चंद्रमा के दर्शन कर व्रत खोलती हैं। करनाल की सड़कों, सैलूनों और मेंहदी स्टॉलों पर नजर डालें तो हर ओर एक ही गीत गूंजता सुनाई दिया "मेहंदी लगा के रखना।

## न्यूज डायरी



### विद्यार्थियों ने जीती 10,000 की ट्रॉफी

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, मेन ब्रांच के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा से एक बार फिर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र विवेक एवं कक्षा 10 के छात्र तनिश ने "एक्वा रेजिया – द स्कूल क्विज प्रतियोगिता" में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता टी.आई.एम.ई. इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेशभर के अनेक नामी विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विवेक और तनिश की टीम ने अपने तर्कपूर्ण उत्तरों और त्वरित ज्ञान-प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित किया। राज्य स्तरीय खिताब जीतने पर दोनों विद्यार्थियों को 10,000 की नगद राशि और विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। इससे पूर्व, यही टीम जिला स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त कर 3,100 की नगद राशि एवं ट्रॉफी जीत चुकी है।






### नेत्र व शरीर दानी विद्यानंद इन्सां को दी श्रद्धांजलि

**घरौंडा।** नेत्र व शरीर दानी विद्यानंद इन्सां के नामित गांव कम्बोपुरा के वेंकट हाल मे नामचर्चा कर साध संगत व अन्य लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की । विद्यानंद इंसां का 6 अक्टूबर को 63 वर्ष की आयु मे देहांत हो गया था विद्यानंद इंसां व उनका पुरा परिवार डेरा सच्चा सौदा से जुडा हुआ हैं। और संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसान की पावन प्रेरणा से डेरा सच्चा सौदा की और से चलाये जा रहे देहदान, आँखे दान गुर्दा दान खूनदान आदि करीब 180 मानवता भलाई कार्यों का अनुशरण करते हुये विद्यानंद इंसां ने अपने जीते जी देहदान व नेतृदान का फार्म भर रखा था। उनके परिजन उनकी पत्नी मीना देवी, पुत्र सुमित व सुशांत ने उनकी बॉडी को मेडिकल रिसर्च के लिए दान कर दिया जिससे सम्पूर्ण मानव जाती का भला होगा। उनकी आँखे किसी नेत्रहीन को नई रौशनी देंगी।



### मेहंदी प्रतियोगिता मे स्वाति रही प्रथम

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री के महिला प्रकोष्ठ द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक कला का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वाति ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा सिमरन ने दुसरा स्थान, तथा बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा संदीपो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. ममता रानी ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की और छात्राओं को इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. स्वाति गोयल, डॉ. रीना सैनी, तथा डॉ. कुलदीप, डॉ. अनिल कुमारी व डॉ. अनीता ने प्रतिभागियों के कार्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया ।



### गीता मॉडर्न सी. सै. स्कूल में हुई मेहंदी प्रतियोगिता

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करवा चौथ के उपलक्ष में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति रागिनी राय ने छात्राओं को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस पर्व का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। यह पर्व हमें पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास को मजबूत बनाने की प्रेरणा देता है। विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल का उद्देश्य छात्राओं को उनकी प्रतिभा को विकसित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने के अवसर प्रदान करना है।

# राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने रेडक्रॉस हरियाणा के राहत कार्यों को सराहा

- आपदा प्रबंधन में राज्य शाखा ने दिखाई अनुकरणीय तत्परता

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा के राज्यपाल एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के अध्यक्ष प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने हाल में आई बाढ़ व बारिश से प्रभावित जिलों में राहत कार्यों के दौरान राज्य शाखा द्वारा दिखाई गई त्वरित और समन्वित कार्यशैली की सराहना की। राजभवन में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि "राज्य शाखा ने प्रभावित जिलों तक राहत सामग्री पहुंचाकर अनुकरणीय तत्परता दिखाई है।



### रेडक्रॉस की उपलब्धियां बताईं

बैठक का संचालन आईएएस डी.के. बेहरा ने किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस राज्य शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी, महासचिव महेश जोशी, सभी जिला सचिव और राज्य मुख्यालय अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि "रेडक्रॉस की सेवाएं। रक्तदान, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा और कमजोर वर्गों की देखभाल। आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी पहले थीं।" उन्होंने सुझाव दिया कि स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आधुनिक बनाया जाए और पंचायतों के सहयोग से फंड स्रोतों को बढ़ाया जाए। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि "राजभवन मानव कल्याण से जुड़े इन कार्यों को निरंतर सहयोग देता रहेगा।" बैठक के अंत में महासचिव महेश जोशी ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

# कन्या भ्रूण हत्या पर समाज की सोच बदलना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने के लिए केवल कानूनी कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज की सोच में बदलाव लाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बेटियों को बेटों के समान दर्जा और सम्मान देने के साथ-साथ लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने के लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी है। एडीसी सोनू भट्ट वीरवार को जिला परिषद कार्यालय में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट) के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी एमटीपी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी) सेंटरों की नियमित जांच की जाए और उनके रिकॉर्ड की बारीकी से समीक्षा की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिन गांवों में लिंगानुपात कम है, वहां विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएं। आंगनवाड़ी वर्कर, एएनएम और आशा वर्कर नियमित बैठकों के माध्यम से लोगों को समझाएं कि बेटियां भी परिवार का गौरव हैं।

### सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने दी चेतावनी

**करनाल।** सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी की अध्यक्षता में वीरवार को सिविल सर्जन कार्यालय में जिले के सभी सरकारी व निजी शिशु रोग विशेषज्ञों की बैठक हुई। बैठक में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शशि सिंगला, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. अर्चना बंसल, डॉ. सचिन सैनी, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. गौरव मलिक सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे। बैठक में सरकार द्वारा आईएलआई/एसएआरआई केसों और कफ सिरप के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर जारी एडवाइजरी पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. चौधरी ने कहा कि सरकार ने 'कोल्डरिफ कफ सिरप' को बच्चों के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने कहा कि "किसी भी प्रकार का खांसी का सिरप बच्चों को बिना प्रशिक्षित डॉक्टर की सलाह के नहीं दिया जाए।

# कार्तिक मास में व्रत, सेवा और भक्ति से जीवन में आति है समृद्धिः पंडित चेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

उत्तम औषधालय के माता रामप्यारी मंदिर प्रांगण में चल रही कार्तिक मास कथा में श्रद्धालुओं ने हवन, भजन और भंडारे में भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। पंडित चेतन देव ने इस अवसर पर कार्तिक मास में व्रत, निस्वार्थ सेवा और परोपकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मास व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि, सफलता और भगवान की असीम कृपा लेकर आता है। कथा की शुरुआत सुबह 5 बजे एक भव्य हवन यज्ञ से हुई। यह अनुष्ठान वैद्य देवेन्द्र बत्रा एवं उनकी



धर्मपत्नी दर्शना बत्रा के सानिध्य में संपन्न हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में भाग लिया और हवन कुंड की परिक्रमा कर 'ओम् नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप किया। हवन यज्ञ ने कथा स्थल को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पंडित चेतन देव ने कहा, ₹मनुष्य का जीवन तभी सफल हो सकता है, जब वह दूसरों के काम आता है। दूसरों की सेवा करना, उनके सुख-दुख में साथ देना और जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है।₹ उन्होंने नारदमुनि और ब्रह्मा जी के संवाद का उल्लेख करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति और ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### भजन-कीर्तन में डूबे भक्त

कथा के दौरान पंडित शेखर शर्मा और सच्चिदानंद ने भक्ति भाव में डूबते हुए महिमा का गुणगान किया, वहीं श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भंडारा कमेटी के प्रधान भारत आभूषण काकू के सानिध्य में भंडारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था संपन्न हुई, जिसमें सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित चेतन देव ने श्रद्धालुओं को कार्तिक मास में व्रत रखने के कुछ नियम बताए, जिनका पालन करने से व्यक्ति को जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। इसके लिए सुबह उठकर स्नान करना।



इंद्री। गांव रायतखाना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला मे फूल देने वाले बीज बोते डा रामजी जयमल। फोटो : हरिभूमि

### 75 प्रकार के फूल देने वाले बीज किए रोपित

**इंद्री।** फ्लावर मैन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात डॉ. रामजी जयमल दड़बी ने करनाल व कुरुक्षेत्र जिलों के लिए इंद्री के गांव रायतखाना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, राजकीय माध्यमिक विद्यालय इस्लामनगर तथा डीएसपी कार्यालय इंद्री के परिसर में लगभग 75 प्रकार के फूलों के बीज बोये। इस बारे मे जानकारी देते हुए आपसी टीम के सदस्य व अध्यापक महिंद्र कुमार ने बताया कि हर वर्ष डॉ रामजी पूरे उत्तर भारत में सर्दी के सीजन में फूल देने वाले बीज बोते हैं। उन्होंने बताया कि डॉ रामजी के इस कार्य पर नकुल द्वारा बनाई गई फिल्म बिफोर आई डाई विभिन्न फिल्म फेस्टिवलो में सैकड़ो अवार्ड ले चुकी है। महिंद्र कुमार ने बताया कि उनकी इस मूहिम से जुड़कर हजारों लोग पर्यावरण से जुड़े हैं और अपने-अपने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। आपसी टीम के सदस्य मास्टर धर्मबीर लठवाल ने बताया कि उनके स्कूल में पिछले वर्ष बोई गई फूलों की पौध से सैकड़ों स्कूलों में बहार आई और हजारों लोग स्कूलों से पौध लेकर गए।

### विधायक को क्षेत्रवासियों ने दी शुभकामनाएं

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद के विधायक बनने और प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेक्टर-13 स्थित उनके कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने पहुंचकर बधाई दी और पुष्पगुच्छ भेंट किए। इस अवसर पर नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता, पार्षद राजेश शर्मा, अमित सिंगला, रविंद्र सैनी, महेश वशिष्ठ, भूपेंद्र फोगाट, संदीप कालरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि "मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने चहुंमुखी विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। केंद्र में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन से प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

## आस्था का पर्व — पति-पत्नी के अटूट बंधन को और भी मजबूत करता है करवा चौथ पर्व

# सुहागिनों के लिए भारतीय संस्कृति की सुंदर परंपराओं में से एक है यह त्योहार

संगीता गुप्ता, भावना मिड्डा, रेणू गुप्ता एवं शिक्षिका सविता ने बताया करवाचौथ का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

करवा चौथ के पावन अवसर पर शहर की अग्रणी महिलाएं पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी। पर्व पर व्रत रखने से पहले महिलाओं ने कहा कि करवाचौथ न केवल एक व्रत है, बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते में प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी की धर्मपत्नी सविता कबीरपंथी, के.



**तरावड़ी।** करवाचौथ पर्व को लेकर चर्चा करती शहर की धार्मिक ओर सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

एस. ओवरसीज प्रा.लि. तरावड़ी की सी.एम.डी. ममता गोयल व जी.वी. राईस यूनिट की सी.एम.डी. सुमन बंसल ने कहा कि करवाचौथ हर स्त्री के लिए अपने जीवनसाथी के प्रति निष्ठा और प्रेम का पर्व है। यह केवल चांद की पूजा नहीं, बल्कि अपने जीवन साथी के लिए प्रेम और आशीर्वाद की अभिव्यक्ति है। यह व्रत महिलाओं के आत्मबल दिन हमें रिश्तों में विश्वास, समर्पण और एक-दूसरे की भावनाओं को समझने की सीख देता है।

### धर्म और त्याग का प्रती है यह पर्व

श्री हंस राईस मिल्स की सी.एम.डी. रजनी गुप्ता, भाजपा नेत्री मीना चौहान एवं संयोगिता गुप्ता ने कहा कि करवाचौथ और त्याग की मिसाल पेश करता है। गर्ग राईस इंडस्ट्रीज की सी.एम.डी. संतोष गुप्ता, न्यू कैम ऑयल प्रा.लि. से मीनू तॉयल, एस.एस. राईस यूनिट से सुनैना हंस सी.एम.डी. योगिता चावला ने कहा कि करवाचौथ हर भारतीय नारी के जीवन का सबसे पवित्र व्रत है, जो पति-पत्नी के अटूट बंधन को मजबूत करता है। यह पर्व वैवाहिक जीवन में विश्वास और सम्मान की नई रोशनी लाता है। भाजपा नेत्री सोनम कबीरपंथी, डबल चाबी बासमती राईस की डायरेक्टर प्रेक्षा गोयल एवं श्रीराम राईस यूनिट की डायरेक्टर पलक सिंगला ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि चांद की रोशनी में सजे इस पर्व से हर घर में प्रेम, शांति और समरसता का संदेश जाता है। करवा चौथ भारतीय संस्कृति की सुंदर परंपराओं में से एक है। सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी डा. कशिश सलूजा, जी.वी. राईस यूनिट से चारू बंसल एवं ज्योति बंसल ने कहा कि करवा चौथ व्रत स्त्री की शक्ति, त्याग और धैर्य का प्रतीक है।

सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी अलर्ट

# उपायुक्त व कप्तान ने बाजारों में राइडर पर सवार होकर गश्त किया

## बाजारों में अतिक्रमण, सुरक्षा व कानून व्यवस्था की स्थित जांची

■ दुकानदार सुबह 10 बजे से पहले व रात को 8 बजे के बाद सामान लोडिंग व अनलोडिंग का काम कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में शहर के बाजारों में खरीदारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वही बाजारों में सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है। इसी कड़ी में वीरवार को उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने भी पुलिस टीम के साथ राइडर पर सवार होकर पानीपत के अधिकतर बाजारों की वास्तु स्थित की धरातल पर जानकारी ली। त्योहारी सीजन पर इंसार बाजार समेत प्रमुख बाजारों में सुरक्षा एवं व्यवस्था का नया प्लान वीरवार को लागू कर दिया है। जिसमें बाजरों में 17 बेरिगेट्स लगाकर दो टुकड़ियों में कमांडों जवान तैनात किए है। जबकि 10 राइडर गश्त कर रही है। अमर भवन मार्केट को ट्रैफिक के लिए वन वे किया है, इसमें तीन प्रवेश व चार निकासी के रास्ते दिए गए है।


पानीपत। पानीपत पुलिस की राइडरों पर सवार उपायुक्त, एसपी, एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### इन बाजारों में गश्त किया

डीसी डॉ दहिया व एसी भूपेंद्र सिंह वीरवार की सुबह करीब 11 बजे राइडर पर जिला सचिवालय से चलकर जीटी रोड से होते हुए गुरूद्वारा मार्केट से चोड़ा बाजार पहुंचे। यहा बेरिगेट के साथ की गई नाका व्यवस्था की जांच की। इसके बाद पचरंगा बाजार, अमर भवन चौक, हलवाई हट्टा, गुड़ मंडी, कलंदर चौक, वीर भवन चुंगी, सलारगंज गेट, इंसार बाजार लाल बत्ती चौक से जीटी रोड पर पहुंचे। यहा से जीटी रोड होते हुए जिला सचिवालय पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण कर त्योहारी सीजन के खरीदारी करने आए लोगों और दुकानदारों को सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त डॉ पंकज, एएसपी हर्षित गोयल, ट्रैफिक डीएसपी सुरेश कुमार सैनी भी साथ रहें।

### सुरक्षित माहौल दे रही है पुलिस

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि त्योहारी सीजन में बाजारों में लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान किया जा रहा है। वहीं गश्त कर बाजारों की वास्तु स्थिति को जांचा गया है। गश्त के दौरान जहां कमियां नजर आई है, उनको दूर किया जाएगा। वहीं, बाजार में स्वेट टीम व 10 राइडर को सुरक्षा आदि के लिए तैनात किया यगा है।

### बाजारों में पैदल आवागमन करें जनता

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया में बाजारों का जायजा लेने उपरांत जिला सचिवालय परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि त्योहारी सीजन को लेकर बाजारों में खरीदारी शुरू हो गई है। प्रसाशन और पुलिस ने गत दिनों शहर में ऑटो व ई रिक्शा को लेकर ऑड इवन लागू कर यातायात व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास किया है। अब त्योहारी सीजन को देखते हुए बाजारों में भी नई व्यवस्था लागू की है। आज पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह और नगर निगम आयुक्त डा पंकज के साथ बाजारों का निरीक्षण किया। बाजारों में व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है, इसमें कुछ और भी सुधार किए जाएगे। निरीक्षक में सामने आया कि बाजार में दुकानों के बाहर बाइक खड़ी थी। इससे रास्ता अवरूद्ध होने पर लोगों को दिक्कत होती है। लोगों से अपील है कि वे अपने दो पहिया वाहन बाहर पार्किंग में खड़ा कर पैदल बाजारों में प्रवेश करें।

### बाजारों में क्रेस बेरियर लगेंगे

नगर निगम आयुक्त डॉ पंकज ने कहा कि बाजारों में क्रेस बेरियर लगाए जाएंगे। इसको लेकर बाजार के प्रधानों के साथ बैठक हो चुकी है। इसके लागू होने के बाद बाइक भी बाजारों में नहीं ले जाई जा सकेगी। जबकि एम्बुलेंस के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। दुकानदार सुबह 10 बजे से पहले व रात को 8 बजे के बाद सामान लोडिंग व अनलोडिंग का काम कर सकेंगे।

जनता की तन, मन, धन से सेवा करना ही भाजपाइयों का कर्तव्य

# जनता की निष्काम सेवा कर रही भाजपा सरकार : भाटिया

भाजपा सरकार की जनहितैषी कार्यप्रणाली के चलते प्रदेश से भष्टाचार का खात्मा हो चुके | अपराध का ग्राफ शुन्य हो चुका जबकि बेरोजगारों की कतारें खत्म हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने दावा किया कि भाजपा सरकार जनता की निष्काम सेवा कर रही है। वहीं, भाजपा सरकार की जनहितैषी कार्यप्रणाली के चलते प्रदेश से भष्टाचार का खात्मा हो चुका है, अपराध का ग्राफ शुन्य हो चुका है। जबकि बेरोजगारों की कतारें खत्म हो चुकी है। भाटिया अपने जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने वाले भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता की तन, मन, धन से सेवा करना ही भाजपाइयों का कर्तव्य है। वहीं, उन्होंने अपनी टीम के साथ निर्धनों को अन्न दान कर व पौधे रोप कर अपना जन्मदिन मनाया। भाटिया ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने व परिजनों के जन्मदिन पर जरूरमंद लोगों की सेवा करें और पर्यावरण को घना करने के लिए पौधे रोपे। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता चेतन तनेजा, रविंद्र भाटिया, रोहताश देशवाल आदि भी थे।


भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया को जन्मदिन की बधाई देते हुए चेतन तनेजा।

## अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

**पानीपत।** जिला नगर योजनाकार विभाग (प्रवर्तन) ने करीब 38 एकड़ क्षेत्र में फैली छह अवैध कॉलोनियों, चार अवैध संरचनाओं और एक डाई हाउस को ध्वस्त किया। इधर, योजनाकार प्रवर्तन सुमित मलिक ने बताया कि राजस्व एस्टेट हड़ताड़ी, बिंझौल, अफगान और इंसार पट्टी में अभियान चलाकर अवैध कॉलोनियों व भवनों पर कार्रवाई की गई है। इधर, डीटीपी के अभियान के दौरान बडी संख्या में पुलिस बल भी उपस्थित रहा। वहीं, जिला नगर योजनाकार सुमित मलिक ने बताया कि प्रशासन पानीपत जिला में कहीं पर भी अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं देगा।

## नौल्था के मुख्य बाजार में गंदे पानी खडा, परेशानी

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था के मुख्य बाजार में गंदे पानी की निकासी का ठोस प्रबंधन नहीं होने के चलते सड़कों पर गंदा पानी खडा हो गया। इसके चलते नागरिकों के आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पडा। इधर, सरपंच बलराज जागलान ने बताया कि नाले पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को हटाने के लिए पिछली पंचायत द्वारा कई बार सूचना दी गई थी, लेकिन मकान नहीं हटाए गए। इसी कारण मकानों के सामने से अलग नाला बनाकर पत्थर के पाइप डालने पड़े। उन्होंने कहा कि नाले में प्लास्टिक और अन्य कचरा जमा होने से भी रुकावट आती है, जिससे पूरे गांव को परेशानी हो रही है।

### खबर संक्षेप

#### समाधान शिविर में कुल 42 शिकायतें दर्ज की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में कुल 42 शिकायतें दर्ज की गईं। वहीं, शिविर में दर्ज अधिकांश शिकायतें फैमिली आईडी में आय कम कराने, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराने, पुलिस से जुड़ी समस्याओं, राशन कार्ड चालू कराने और आधार कार्ड से संबंधित रहीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने संबंधित विभागों को समाधान के निर्देश दिए और कुछ मामलों में मौके पर ही कार्रवाई शुरू कर दी गई।

#### नशे के विरूद्ध निकाली जागरूकता रैली

**पानीपत।** पानीपत में तंबाकू का नशा जीवन की दुर्दशा का संदेश के साथ सिविल अस्पताल से नर्सिंग विद्यार्थियों ने गुरुवार को तंबाकू और नशे के खिलाफ जनजागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और समाज में नशामुक्त वातावरण बनाना था। वहीं, रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय मलिक ने किया। इधर, विद्यार्थियों ने तंबाकू छोड़ो, जीवन संवारो, नशा छोड़ो, खुशियां अपनाओ और स्वस्थ भारत, नशामुक्त भारत जैसे नारों से लोगों को प्रेरित किया। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

#### आंगनवाड़ी वर्कर्स हुए सम्मानित

**पानीपत।** बाल भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'पोषण माह' के तहत पोषण मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर की महिला एवं बाल विकास परियोजना की अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी वर्कर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास, पंचकूला की संयुक्त निदेशक पूनम रमन रहीं। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग से डॉ. मनीषा और वक्ता परमिंदर कौर ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

#### पुलिस ने कातिलाना हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के फौजी नगर में जमीनी विवाद में सुरेंद्र को गोलियां मारने के मामले में फरार चल रहे ग्यारवें आरोपी उंटला गांव निवासी रवि को सीआईए वन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इधर, सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि इस मामले में थाना माडल टाउन में शांति नगर माडल टाउन निवासी धर्मराज पुत्र दयानंद की शिकायत पर केस दर्ज है।

# लक्ष्मी व आयुषी ने रचाई सबसे सुंदर मेहंदी

■ करवाचौथ के अवसर पर मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा करवाचौथ के अवसर पर मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्राध्यापिकाओं व दूसरी छात्राओं के हाथों पर बहुत ही सुंदर मेंहदी लगाकर अपनी कला का कलात्मकता प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा कि हमें अपने सभी त्यौहार मिलजुल कर ही मनाने चाहिए व पाश्चात्य सांस्कृति को ना अपना कर अपनी संस्कृति को अपना कर उसको बढ़ावा देने का काम करना चाहिए। वहीं सांकृतिक विभाग के विभागाक्ष्य डॉ.रामनिवास, एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ.मनीष डुडेजा व डॉ.आस्था गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, सौंदर्यबोध और सांस्कृतिक जुड़ाव की भावना को बढ़ाती हैं। मेंहदी प्रतियोगिता में उपचार्या डॉ.अनुराधा सिंह, डॉ.गीतांजलि धवन, डॉ.नीलू खालसा व डॉ.मधु गाबा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।


पानीपत। आर्य कॉलेज में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता की विजेता प्रसन्न मुद्रा में।

### प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा लक्ष्मी व बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा आयुषी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनी व बीएससी द्वितीय वर्ष की नंदिनी ने संयुक्त रूप से द्वितीय, बीएसी अंतिम वर्ष की रिया त्यागी व बीए द्वितीय वर्ष की दिव्या ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान जबकि सांत्वना पुरस्कार छात्रा खुशी व स्वीटी को मिला। इस अवसर पर डॉ.सोनिया सोनी, प्राध्यापिका आस्था गुप्ता, डॉ.मनीषा डुडेजा, दीक्षा नंदा व श्रेया बरेजा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। एक्वा रेजिया क्विज के विजेता विद्यार्थी पुरस्कार के साथ। फोटो :हरिभूमि

## पाइट संस्कृति एनएफएल क्विज में प्रथम

पानीपत। हुडा सेक्टर 13-17 में स्थित शैक्षणिक संस्था टीआईएमई ट्रायंफेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन द्वारा आयोजित नेशनल लेवल क्विज प्रतियोगिता एक्वा रेजिया में पानीपत के छात्रों ने शहर का नाम रोशन किया है। सिटी फाइनल्स में 10 से अधिक स्कूलों की 25 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पाइट संस्कृति एनएफएल, द्वितीय आर्य बाल भारती स्कूल, तृतीय स्थान डॉ.एमकेके आर्य मॉडल स्कूल रहे। जबकि जोनल फाइनल्स हिसार में हुआ। जिसमें आर्य बाल भारती स्कूल पानीपत के शिवम और अंशुल ने सेकंड रनरअप का स्थान प्राप्त किया। पानीपत से अन्य दो टीमें पाइट संस्कृती स्कूल एनएफएल के नमन और अभिमन्यु, डॉ.एमकेके आर्य मॉडल स्कूल के वंश और भव्य ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।

## इंसान को हर रोग से बचाता है योग:अशोक


पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

■ सुखदेव नगर पार्क में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा सुखदेव नगर पार्क में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष कर बदलते मौसम में सावधानियां रखने तथा नियमित योग करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, योग शिक्षक एवं किसान विंग के प्रभारी रामपाल, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि उम्र यहां पर कोई ज्यादा मायने नहीं रखती जो व्यक्ति योग करता है वह अपने जीवन को आनंदपूर्वक, सरलता और सहजता से जीता है। तहसील प्रभारी बलवान ने बताया कि नियमित योग करने से दवाइयां छूट जाती हैं और व्यक्ति जल्दी ही स्वस्थ हो जाता है। इस अवसर पर योग शिक्षिका सुनीता, सोनिया, मधु, सुभाष नारंग, संजय मल्होत्रा, रामपाल शर्मा, जियालाल जैन, सुरेश जैन, राजपाल जैन, सागर कालड़ा, पवन जैन, अशोक धींगरा, अशोक डूडेजा, विजय, सुनीता खुराना, सोनिया सरदाना, मधु भामरी, नीरू जैन, अनिता गुप्ता, बलवान, राम मेहर कौशिक, ओम प्रकाश अरोड़ा, कृष्ण जुनेजा व तेजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान


पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, मेयर कोमल सैनी को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी कॉलेज में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग व युवा रेड क्रॉस, एनएसएस, एनसीसी इकाइयों, शारीरिक शिक्षा विभाग, लायंस क्लब ग्रेटर, रेड रिबन क्लब एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान से रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह शिविर डॉ. विक्रम कुमार, डॉ राजेश, डॉ. जोगेश, खुशबू, डॉ. नरवीर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। वहीं, मेयर कोमल सैनी मुख्य अतिथि रही एवं प्रसिद्ध समाजसेवी राजेश गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे।कॉलेज की महाविद्यालय की प्रबन्धन समिति से महासचिव एलएन मिगलानी, परमवीर ढींगरा, युधिष्ठिर मिगलानी, रवि गोसांई, रमेश नागपाल, प्राचार्या डॉ. शशिप्रभा मलिक, रोटरी क्लब के प्रधान मनमोहन अग्रवाल, सुमित मित्तल, सचिन गर्ग, उप प्राचार्या डॉ. किरण मदान, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. नीलम, डॉ. पूनम मदान, डॉ. निधान सिंह व डॉ. अर्पणा गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। जबकि अतिथियों को स्मृति चिन्ह, शॉल व पौधा भेंट किए गए।

**>> मेयर कोमल सैनी मुख्य अतिथि रही एवं प्रसिद्ध समाजसेवी राजेश गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे**

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हैल्पेज ऑर्फन्स सम्मानित


हैल्पेज ऑर्फन्स टीम को सम्मानित करते अतिथिगण व आयोजक।

**पानीपत।** गांधी ग्लोबल फैमिली, नेशनल यूथ प्रोजेक्ट एवं संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती से सात अक्टूबर तक संत निरंकारी भवन असंध रोड में वैश्विक युवा महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें देश विदेश से लगभग 400 युवा प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल, उपप्रधान दीप्ति जैन, सीसीओ डॉ.अनु कालड़ा ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिसके लिए आयोजकों की तरफ से डॉ.अनु कालड़ा व मनन सिंगल को उनकी सेवाओं व योगदान के लिए सम्माननित भी किया गया। स्मरणीय है कि हैल्पेज ऑर्फन्स समाज के जरूरतमंद लोगों की जहां मदद करता है, वहीं देशहित व समाजहित के कार्यक्रमों में बढचढ कर भाग लेता है।

### देश के विकास में बाधा है भ्रष्टाचार-प्रिया



पानीपत रिफाइनरी की विजिलेंस विंग के अधिकारियों के साथ अध्यापक व विद्यार्थी।

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पानीपत रिफाइनरी के विजिलेंस विभाग द्वारा विजिलेंस अवेयरनेस सप्ताह के तहत भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। रिफाइनरी विजिलेंस के सीजीएम गौतम प्रिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि सतर्कता ही उन्हें किसी नुकसान से बचा सकती है। इसलिए हमेशा सतर्क रहें। विद्यार्थियों को नव समाज निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया गया। वहीं डीएम अरशद हुसैन व चेतन काम्बले ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मौजूदा समय में बढ़ रहे साइबर क्राइम के मामलों में सचेत रहने के लिए आग्रह किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं शिक्षकों को उपहार वितरित किए गए। प्राचार्य बीना खन्ना ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया।

### पर्यावरण हितैषी बने किसान

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर व्यापक और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि पराली अब कोई समस्या नहीं, बल्कि किसानों के लिए जैविक खाद और अतिरिक्त आय का साधन बन सकती है। जिला प्रशासन पानीपत भी इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि कि हरियाणा सरकार किसानों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

आर्य कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगता आयोजित

# विज्ञान ने इंसान को अंधविश्वास से मुक्ति दिलवाई

■ प्रतियोगिता में जिले के छह कॉलेजों से लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा स्टेट कांउसील फॉर साईंस एंड टेक्नॉलजी, पंचकूला के निर्देशानुसार गुरुवार को आर्य पीजी कॉलेज में के गणित विभाग द्वारा जिलास्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में जिले के छह कॉलेजों से लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया। वहीं, आर्य कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है।


पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेत विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### स्पधाएं नवाचार की भावना जगाती है

विद्यार्थियों में यदि वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हो जाए, तो समाज से अंधविश्वास और रूढ़िवादिता स्वतः समाप्त हो जाएगी। डॉ. गुप्ता ने यह भी कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नवाचार की भावना जगाती हैं और उन्हें विज्ञान को जीवन से जोड़ने की प्रेरणा देती हैं। वहीं, कार्यक्रम के संयोजक व गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.शिवनारायण रहे। इधर, जोनल लेवल के लिए आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत, एसडी कॉलेज, पानीपत, देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत एवं आईबी कॉलेज एवं भावना का चयन किया गया।

